कार्यालय मुख्य चिकित्सा अधिकारी मुरादाबाद।

पत्रांक– तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम/2021–22/ 4473 दिनांक : 20/05/2021 27

1. प्रमुख चिकित्सा अधीक्षिका,
   जिला पुरुष चिकित्सालय मुरादाबाद।
2. मुख्य चिकित्सा अधीक्षिका,
   जिला महिला चिकित्सालय, मुरादाबाद।
3. जिला क्षय रोग अधिकारी, मुरादाबाद।
4. समस्त अधीक्षक/प्रभारी चिकित्सा अधिकारी
   सामुदायिक/प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, मुरादाबाद।

विषयः– मई 2021 को विश्व तम्बाकू निषेध दिवस के उपलक्ष में 20 मई 2021 से 15 जून 2021 तक कैंपेन/ अभियान चलाये जाने के सम्बन्ध में।

महानिदेशक, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएँ उत्तर प्रदेश लखनऊ के पत्र संख्या राज्य तम्बाकू नियंत्रण प्रकोष्ठ/2021–22/8892 लखनऊ दिनांक 05/05/2021 द्वारा अवगत कराया गया है कि उत्तर प्रदेश में इस वर्ष दिनांक 31/05/2021 को विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा प्रदत्त थीम **"COMMIT TO QUIT TODAY AND SIGN THE PLEDGE"** पर विश्व तम्बाकू निषेध दिवस कैंपेन के रूप में दिनांक 20 मई 2021 से 15 जून 2021 तक मनाया जाना है।

जैसा आप अवगत है कि प्रत्येक वर्ष 31 मई को विश्व तम्बाकू निषेध दिवस कैंपेन के रूप में मनाया जाता है जिस हेतु प्रत्येक वर्ष विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा एक थीम प्रदत्त किया जाता है इस वर्ष विश्व तम्बाकू निषेध दिवस पर तम्बाकू छोड़ने एवं तम्बाकू छोड़ने हेतु शपथ लिए जाने पर बल दिया गया है, प्रदेश में फैली कोरोना महामारी के द्रष्टिगत सरकारी प्रतिष्ठानों सार्वजनिक स्थानों पर धूम्रपान एवं थूकने हेतु प्रतिबंधित किया जा चूका है, जिस के लिए आपको पूर्व में निर्देश दिए जा चुके हैं। इसी क्रम में आपको निर्देशित किया जाता है कि आप अपने जनपद/ब्लॉक में स्थापित कोविड हेल्प डेस्क, तम्बाकू उन्मूलन केंद्र, एन.सी.डी. क्लिनिक, मनकक्ष, टी.बी. क्लिनिक एवं अन्य प्राइवेट चिकित्सा संस्थानों पर कार्यरत काउन्सलर के माध्यम से व्यक्तियों की काउंसिलिंग करते हुए तम्बाकू छोड़ने एवं भारत सरकार द्वारा प्रदत्त क्विट लाइन नंबर – **1800112356** का उपयोग करने के लिए प्रेरित करें तथा तम्बाकू उपभोग न करने हेतु शपथ भी दिलाई जाये।

अतः आपको निर्देशित किया जाता है कि आप महामारी के द्रष्टिगत प्रदेश सरकार द्वारा जारी गाइडलाइन का अक्षरशः अनुपालन करते हुए उक्त कैंपेन में प्रचार प्रसार, ऑडियो विडियो क्लिप, वेबिनार इत्यादि का आयोजन के अतिरिक्त सार्वजनिक स्थानों पर धूम्रपान एवं थूकने के सम्बन्ध में आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करें तथा कृत कार्यवाही से मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय को 10 कार्य दिवसों के अन्दर फोटो, न्यूज पेपर कटिंग एवं रिपोर्ट उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

कैंपेन को प्रभावी बनाने हेतु किसी भी जिज्ञासा एवं प्रचार प्रसार सम्बन्धी जानकारी भारत सरकार की वेबसाइट – **ntcp.nhp.gov.in** पर प्राप्त की जा सकती है।

भवदीय

मुख्य चिकित्सा अधिकारी
मुरादाबाद

पत्रांकः– तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम/2021–22/ 4474 तद्दिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सादर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

1– महानिदेशक, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएँ उ.प्र. लखनऊ।

2– राज्य नोडल अधिकारी राज्य तम्बाकू नियंत्रण प्रकोष्ठ उ.प्र. लखनऊ।

3– जिलाधिकारी मुरादाबाद।

4– पुलिस अधीक्षक, मुरादाबाद को इस अनुरोध के साथ प्रेषित की आप अपने अधीनस्थ पुलिस बल को उक्त के सम्बन्ध में उचित कार्यवाही हेतु निर्देशित करें।

5– अधिशासी निदेशक उत्तर प्रदेश वोलंटरी हेल्थ एसोसिएशन लखनऊ।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी
मुरादाबाद